सत्र - 2026-27

पं० कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंदौली

—x—

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

**सूचना** दिनांक :- 06.07.2026

महाविद्यालय के IQAC समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 06.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे IQAC की अति महत्वपूर्ण बैठक प्राचार्य कक्ष में आहूत की गई है। उक्त बैठक में सत्र 2026-27 के विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। बैठक के विस्तार को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रभारी, समारोहक, समय-सारिणी प्रभारी, शैक्षणिक कैलेण्डर प्रभारी, यू०जी० प्रवेश समिति के सभी सदस्य, समर्थ पोर्टल के प्रभारी, महाविद्यालय के कार्यालय के कर्मचारीगण को उक्त बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है।

सभी आमंत्रित प्राध्यापक/कर्मचारी उक्त बैठक में सम्मिलित हो शैक्षिक सत्र 2026-27 के आगामी कार्ययोजना पर अपना बहुमूल्य विचार प्रस्तुत करें।

S. Mishra
प्राचार्य

प्राचार्य
प० कमलापति त्रिपाठी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चन्दौली

Pankaj K.
IQAC समन्वयक

Co-ordinator
IQAC
Pt KPT Govt. P.G. College
Chandauli (U.P.)

अवगत
Ravi

# बैठक की कार्यवाही

दिनांक: 06.07.2026

आज दिनांक 06.07.2026 तदनुसार सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में शैक्षिक सत्र-2026-27, अपरान्ह 12:30 बजे आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक का उद्देश्य सत्र 2026-27 के सुचारु संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा विद्यार्थी केंद्रित वातावरण तैयार करने से संदर्भित था। इस संदर्भ में महाविद्यालय में प्रवेश-प्रक्रिया प्रारंभ करने, नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित करने, नये सत्र में संचालित समय-सारिणी एवं शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करने, इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विचारोपरान्त बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गये;

(1) सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शासन एवं विश्वविद्यालयों के नियमों और आरक्षण व्यवस्था के अनुसार पारदर्शी ढंग से संचालित किया जायेगा। आवश्यक सूचनाएं वेबसाइट, सूचना-पट्ट और अन्य माध्यमों से छात्रों को दी जाय। प्रवेश के दौरान विभिन्न अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा तथा विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रम, विभाग, महाविद्यालय के नियम-कानून, विभिन्न सुविधाएं, छात्रवृत्ति और संसाधनों की जानकारी दी जाएगी। प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया, हेल्प डेस्क का निर्माण और अन्य आवश्यक सहायता की व्यवस्था की जाय।

(2) सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम अगले माह के प्रथम सप्ताह में प्रवेश उपरांत आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय, विभागों, पाठ्यक्रमों, नियमों, परीक्षा-प्रणाली, महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाएं, छात्रवृत्ति, NEP 2020, आन्तरिक मूल्यांकन, एंटी-रैगिंग तथा IQAC गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

(3) यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय की समेकित एवं विभागवार समय-सारिणी विश्वविद्यालय के

पाठ्यक्रम और निर्धारित शिक्षण घंटों के अनुसार तैयार की जायेगी। विभिन्न कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाय। समय-सारिणी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समय पर उपलब्ध कराई जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधित की जा सकेगी।

(4) सत्र 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार किया जायेगा जिसमें प्रवेश, दीक्षारंभ, शिक्षण, परीक्षाएं, मूल्यांकन, सेमिनार, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ, NSS/NCC, अभिभावक-शिक्षक संवाद, पुरातन छात्र सम्मेलन तथा IQAC कार्यक्रम शामिल होंगे। यह कैलेंडर शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुरूप होगा।

(5) सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के गुणवत्ता संवर्धन के लिए नियमित शिक्षण, उपस्थिति एवं प्रगति की निगरानी, विद्यार्थी फीडबैक, कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सहायता, प्रतिभाशील विद्यार्थियों के लिए उन्नत गतिविधियाँ, कक्षा संचालन में ICT का उपयोग, अकादमिक कार्यक्रम, अभिलेखीकरण तथा सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण सुनिश्चित किया जाय।

(6) सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि शासन के विभिन्न कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत महाविद्यालय में पालन किया जाय। इस हेतु UP PRAMAN, मिशन शक्ति, नशा-मुक्ति कार्यक्रम, इत्यादि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

अंत में, अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, पारदर्शिता और विद्यार्थी-केंद्रित व्यवस्था के लिए सहयोग का आह्वान किया। यह भी निश्चित किया गया कि बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों की समीक्षा आगामी IQAC की बैठक में की जायेगी। IQAC समन्वयक के आभार के साथ बैठक समाप्त हुई।

S. Mishra

प्राचार्य

प्राचार्य
पं० कमलापति त्रिपाठी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चन्दौली

Co-ordinator
IQAC
Pt. KPT Govt. P.G. College
Chandauli (U.P.)

एक्शन टेकन रिपोर्ट (Action Taken Report)

IQAC बैठक (दिनांक 06/07/2026) के निर्णयों के अनुपालन के संबंध में।

सत्र : 2026-27

महाविद्यालय का नाम : पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंदौली

| क्र. सं. | बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार की गई कार्यवाही | स्थिति |
| --- | --- | --- |
| 1. | शैक्षणिक कैलेंडर का निर्माण : सत्र 2026-27 हेतु महाविद्यालय का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार किया गया। इसमें प्रवेश, दीक्षारंभ, शिक्षण, परीक्षाएँ, मूल्यांकन, सेमिनार, कार्यशालाएँ, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ, रोवर्स / रेंजर्स शिविर व तत् संबंधित गतिविधियाँ, अभिभावक-शिक्षक संवाद, पुरातन छात्र सम्मेलन एवं IQAC गतिविधियों को सम्मिलित किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षा आरंभ कार्यक्रम 10 अगस्त 2026 को आयोजित किया गया। | अनुपालन |
| 2. | नियमित शिक्षण एवं उपस्थिति की निगरानी : विभागों को नियमित कक्षाएँ संचालित करने तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। | अनुपालनाधीन |
| 3. | विद्यार्थी फीडबैक : विद्यार्थियों से शिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में फीडबैक प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधार हेतु विभागों को निर्देशित किया जा रहा है। | अनुपालनाधीन |
| 4. | कमजोर विद्यार्थियों हेतु सहायता : कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता, परामर्श एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं / रिमेडियल शिक्षण की व्यवस्था हेतु विभागों को निर्देशित किया गया। | अनुपालनाधीन |

5. प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए उन्नत गतिविधियाँ: मेधावी विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियों, संगोष्ठियों, क्विज, वाद-विवाद, शोधपरक गतिविधियों एवं अन्य प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। अनुपालनाधीन

6. ICT का उपयोग: शिक्षण प्रक्रिया में ICT एवं डिजिटल संसाधनों के अधिकाधिक उपयोग हेतु प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया गया। उपलब्ध डिजिटल/ऑनलाइन शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग बढ़ाने की कार्यवाही की गई। अनुपालन

7. अकादमिक कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ: विभिन्न विभागों द्वारा व्याख्यान, सेमिनार, कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य अकादमिक गतिविधियों के आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। अनुपालनाधीन

8- अभिलेखीकरण एवं दस्तावेजीकरण: महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं गुणवत्ता संबंधी गतिविधियों के अभिलेख, उपस्थिति, फीडबैक, कार्यक्रम रिपोर्ट, फोटोग्राफ एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए गए। अनुपालन

9. सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण: विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित अनुशासित, भेदभावरहित एवं समावेशी शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित समितियों/प्रकोष्ठों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। अनुपालन

10. रोवर्स-रेंजर्स, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ: रोवर्स रेंजर्स तथा सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के संचालन हेतु संबंधित प्रभारी अधिकारियों को वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। अनुपालनाधीन

11. अभिभावक शिक्षक संवाद : विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं उपस्थिति के संबंध में अभिभावक - शिक्षक संवाद आयोजित करने की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। अनुपालनाधीन

12. पुरातन छात्र सम्मेलन : पुरातन छात्रों से संपर्क स्थापित कर सम्मेलन/संवाद आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। पुरातन छात्र संघ के रजिस्ट्रेशन के लिए अनुमति हेतु शिक्षा निदेशक महोदया, उच्च शिक्षा, प्रयागराज को पत्र भेजा गया। अनुमति प्राप्त होने के पश्चात रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी। अनुपालनाधीन

13. IQAC गतिविधियाँ : IQAC द्वारा गुणवत्ता संवर्धन से संबंधित गतिविधियों की नियमित समीक्षा एवं दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। आगामी बैठकों में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। अनुपालन

14. निर्णयों की समीक्षा : IQAC बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा आगामी IQAC बैठकों में करने का निर्णय लिया गया। निरंतर प्रक्रिया

निष्कर्ष -

IQAC बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में हेतु संबंधित विभागों एवं प्राध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण, ICT के प्रभावी उपयोग, फीडबैक व्यवस्था, कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विशेष सहायता तथा विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संचालन की दिशा में कार्यवाही प्रारम्भ/सम्पन्न की गई है।

शेष कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा IQAC द्वारा की जाएगी तथा आगामी बैठक में Action Taken Report के आधार पर अनुपालन की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

दिनाङ्क -
स्थान : चंदौली

हस्ताक्षर - Pankaj K.
IQAC समन्वयक
पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
चंदौली

Co-ordinator
IQAC
Pt KPT Govt. P.G. College
Chandauli (U.P.)

हस्ताक्षर - S. Mishra
अध्यक्ष / प्राचार्य
पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
चंदौली

प्राचार्य
पं0 कमलापति त्रिपाठी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चन्दौली